
# Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# शिक्षा विभाग के खिलाफ मोर्चा दर्ज कराएगा एफआईआरः नेगी

■जनपद के बेरोजगारों को रिक्तियों के बारे में जानकारी ही नही

**संवाददाता**



पत्रकार वार्ता के दौरान रघुनाथ सिंह नेगी।

विकासनगर। जन संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष एवं जीएमवीएन के उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने कहा कि मुख्य शिक्षा अधिकारी, देहरादून द्वारा 14 नवंबर 2019 को तीन रिक्त पदों (एक प्रवक्ता, 2 सहायक अध्यापक) पर भर्ती प्रक्रिया विज्ञापन जारी करने के आदेश प्रबंधक श्री गुरु राम राय इंटर कॉलेज, सहसपुर, देहरादून को दिए थे। नेगी ने कहा कि मुख्य शिक्षा अधिकारी, दून व विद्यालय प्रबंधन ने मिलकर अपने खास चेहतों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से उक्त विज्ञापन बहुत ही साजिशन दो प्रतिष्ठित समाचार पत्रों के गढ़वाल परिशिष्ट में प्रकाशित कराए, जिससे कुमाऊं मंडल, हरिद्वार व जनपद देहरादून के अभ्यर्थियों को इसकी भनक न लगे। जिस जनपद में विद्यालय स्थित है, उस जनपद के बेरोजगारों को रिक्तियों के बारे में जानकारी ही नहीं।

पत्रकार वार्ता में नेगी ने कहा कि विद्यालय प्रबंधन द्वारा 22 नवंबर 2019 के माध्यम से मुख्य शिक्षा अधिकारी, देहरादून को पत्र प्रेषित कर विज्ञापन को प्रतिष्ठित समाचार पत्रों में प्रकाशन का उल्लेख किया। इस कारगुजारी के संबंध में मोर्चा द्वारा 3 फरवरी 2020 को मुख्य शिक्षा अधिकारी, दून को पत्र प्रेषित कर जानकारी दी गई, लेकिन उक्त षड्यंत्र में शामिल मुख्य शिक्षा अधिकारी ने कार्रवाई करने के बजाय 7 फरवरी 2020 को साक्षात्कार की कार्रवाई संपन्न करा दी।

## रेलवे स्टेशन के बोर्ड से संस्कृत में लिखा नाम हटाए जाने पर भड़के

**संवाददाता** देहरादून। भारत की प्राचीन व देवभूमि उत्तराखंड की द्वितीय राज्य भाषा संस्कृत में लिखे गये शहर के नाम को देहरादून रेलवे स्टेशन के बोर्ड से हटाकर उर्दू में लिखे जाने के इस अपमान के विरोध में संस्कृत भाषा के प्रचार–प्रसार में लगे लोगों ने कड़ा ऐतराज जताते हुए रेलवे प्रबंधक का घेराव किया गया।

इस संबंध में रेलवे प्रबंधक को एक ज्ञापन भी सौंपा गया। संस्कृत विद्यालय–महाविद्यालय शिक्षक संघ व अन्य सामाजिक संगठनों से जुड़े लोग देहरादून रेलवे स्टेशन पर एकत्रित हुए और रेलवे स्टेशन पर लगाए गए बोर्ड से संस्कृत में लिखा देहरादून नाम हटाकर उर्दू में लिखे जाने पर कड़ी आपत्ति जताई। उनका कहना था कि जब रेलवे बोर्ड पर देहरादून का नाम संस्कृत में लिख दिया गया था तो फिर संस्कृत में लिखे नाम को हटाकर उर्दू में क्यों लिखा गया। यह संस्कृत भाषा का अपमान है, जो कि बर्दास्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने रेलवे के क्षेत्रीय प्रबंधक का घेराव किया व उन्हें एक ज्ञापन सौंपा।

# रसोई गैस के दामों में वृद्धि कर गरीब के घर का चूल्हा बुझाया

**विरोध**

## रसोई गैस की कीमतों में की गई बढ़ोत्तरी के विरोध में कांग्रेस ने फूंका मोदी सरकार का पुतला

**संवाददाता**



रसोई गैस की कीमतों में की गई बढ़ोत्तरी के विरोध में सिलेंडर के साथ प्रदर्शन करते कांग्रेसी।

देहरादून। रसोई गैस की कीमतों में 150 रूपये की भारी वृद्धि के विरोध में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रीतम सिंह के आह्वान पर राजधानी देहरादून सहित सभी जिला एवं शहर मुख्यालयों में कांग्रेसजनों द्वारा केन्द्र की भाजपा नीत मोदी सरकार का पुतला दहन किया। इसी कार्यक्रम के तहत देहरादून महानगर में महानगर कांग्रेस अध्यक्ष लालचन्द शर्मा, जिलाध्यक्ष संजय किशोर, गौरव चौधरी के संयुक्त नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने ऐस्लेहॉल चौक पर भाजपा सरकार का पुतला दहन किया।

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय से कांग्रेसजन मोदी सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए ऐस्लेहॉल चौक की ओर गये जहां पर उन्होंने विरोध प्रदर्शन के उपरान्त मोदी सरकार के पुतले को आग के हवाले किया। कांग्रेसजनों ने मोदी सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार ने वर्ष 2020 में रसोई गैस सिलेण्डर के दाम दो बार बढ़ा दिये तथा इसबार 150 रूपये की भारी वृद्धि की गई है जो गरीब जनता के पेट पर लात मारने जैसा है। भाजपा सरकार के सत्तासीन होने के बाद लगातार मंहगाई की मार झेल रही गरीब जनता पर रसोई गैस के दामों में वृद्धि कर केन्द्र सरकार ने गरीब के घर का चूल्हा बुझाने का काम किया है। कांग्रेसजनों ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार मंहगाई पर लगाम लगाने से पूरी तरह नाकाम हो चुकी है तथा मंहगाई के नाम पर जनता का षोशण कर रही जिसे कांग्रेस पार्टी कतई बर्दास्त नहीं करेगी तथा सड़कों पर उतर कर भाजपा सरकार की दमनकारी नीति का विरोध करेगी।

पुतला दहन करने वालों में पूर्व मंत्री मातवर सिंह कण्डारी, पूर्व विधायक राजकुमार, प्रदेश महामंत्री राजेन्द्र शाह, भुवन कापडी, महानगर अध्यक्ष लालचन्द शर्मा, जिलाध्यक्ष संजय किशोर, गौरव चौधरी, नागेश रतूड़ी, प्रभुलाल बहुगुणा, गोदावरी थापली, डॉ. आरपी रतूड़ी, पूर्व मंत्री अजय सिंह, जयेन्द्र रमोला, प्रदेश सचिव नवीन पयाल, जगदीश धीमान, अर्जुन कुमार, राजेश चमोली, शांति रावत, कमरखान ताबी, दीप बोहरा, भरत शर्मा, महानगर प्रवक्ता डॉ. प्रतिमा सिंह, महानगर महिला अध्यक्ष कमलेष रमन, संदीप चमोली, संजय कुमार, होषियार सिंह रावत, पार्शद डॉ. विजेन्द्र पाल, राजेन्द्र जोशी, सोम बाल्मीकि, अम्बिका चौहान, अनुराधा तिवारी, देवेन्द्र सिंह, कुल्दीप चौधरी, लाखीराम बिजल्वाण, राहुल चौहान, सुनील बांगा, प्रमोद गुप्ता, मेहताब, कैलाश बाल्मीकि, मोहित ग्रोवर, हरजीत सिंह, अनिल बसनेत, गोपाल क्षेत्री, सुरज राणा, निहाल सिंह, आदर्श सूद, महेन्द्र बिष्ट, पुनीत कुमार सिंह आदि कांग्रेसजन षामिल थे।

## न्यूज डायरी

### सिंचाई विभाग की जमीन पर पक्के खोखे लगवाये जाने का विरोध, किया प्रदर्शन

**संवाददाता** देहरादून। गढ़ी कैन्ट व्यापार मण्डल द्वारा सिंचाई विभाग की जमीन पर खोखे लगवाये जाने के विरोध में आज छावनी परिषद गढ़ी कैन्ट में मुख्य अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन के माध्यम से कहा गया है कि बीते रोज कुछ निजी कम्पनी के लोग गढ़ी बाजार में आये और उन्होने कहा कि उनको छावनी परिषद द्वारा गढ़ी कैंट चौराहे से डाकरा बाजार तक लगने वाली अनाधिकृत सब्जी मंडी के सर्वे के लिए भेजा गया है। उनके द्वारा बताया गया कि इन ठेलियों की जगह पक्के खोखे बनाये जायेगें। व्यापार मण्डल का कहना है कि हम इसका विरोध करते है। उन्होंने कहा कि जिस जमीन पर यह अनाधिकृत सब्जी मंडी लगती है वह जमीन कैंट बोर्ड की नहीं है बल्कि सिंचाई विभाग की है।

### फायर सीजन से पहले ही नंदा देवी नेशनल पार्क के जंगलों में लगी आग

**संवाददाता** चमोली। अभी फायर सीजन शुरू भी नहीं हुआ इससे पहले ही उत्तराखंड के जंगल धधकने लगे हैं। गुरुवार सुबह नंदा देवी नेशनल पार्क के उर्गम वन पंचायत के धार तोक के जंगल में भीषण आग लग गई। आग में कई हेक्टेयर वन भूमि जलकर राख हो गई। ग्रामीणों का कहना है कि उनके जंगलों में लगातार आग लगी हुई है जंगली जानवर इधर से उधर भाग रहे हैं। हरे–भरे पेड़ पौधे जलकर राख हो रहे हैं, लेकिन वन विभाग आग बुझाने में नाकाम साबित हो रहा है।

**संकल्प लिया:** ऋषिकेश। परमार्थ निकेतन में मुम्बई से आये योगी अमरनाथ जी के मार्गदर्शन में साधकों और योगियों का दल पधारा।

## विधायक जोशी ने निर्माणाधीन पुल का निरीक्षण किया

**(संवाददाता)** देहरादून। गजियावाला के खादर में निर्माणाधीन पुल का निरीक्षण करने पहुँचे मसूरी विधायक गणेश जोशी ने निर्माण कार्य को गुणवत्ता के साथ अतिशीघ्र पूर्ण किये जाने को कहा। उन्होंने बताया कि भाजपा सरकार लगातार विकास के नये आयाम प्राप्त कर रही है। विधायक जोशी ने निर्माण कार्यो का निरीक्षण करते हुए कहा कि पुल बनने से गल्जवाडी, गजियावाला, गंगोल पंडितवाड़ी एवं बिष्टगांव की हजारों की आबादी को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि गजियावाला में शीघ्र ही ओएनजीसी के सामाजिक दायित्व निर्वहन के अर्न्तगत 48 लाख रुपये की लागत से सामुदायिक भवन बनाया जा रहा है। साथ ही, पंचायत के अर्न्तगत सोलर लाईटें लगाने का काम भी किया जाएगा। इस अवसर पर ग्राम प्रधान सुनील क्षेत्री, किरन, ज्योति कोटिया, संध्या थापा, राकेश शर्मा, संजय शर्मा, कृष्ण सौंध, कमला गुरुंग, तारा गुरुंग, संजय आदि उपस्थित रहे।



विकास कार्यो का निरीक्षण करते मसूरी विधायक गणेश जोशी।


## निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल, उत्तराखण्ड की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा इस वन प्रभाग के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्यों हेतु टौंस वन प्रभाग, पुरोला में पंजीकृत ठेकेदारों से मुहरबन्द निविदायें दिनांक 18.02.2020 को दोपहर 12:00 बजे तक उप वन संरक्षक, टौंस वन प्रभाग, पुरोला के कार्यालय में सील्ड टेण्डर बॉक्स में डाली जायेगी। यह निविदाएं दिनांक 18.02.2020 को अपराह्न 2.00 बजे अधोहस्ताक्षरी अथवा उनके द्वारा नामित अधिकारी द्वारा खोली जायेगी। निविदा खोलते समय निविदादाता चाहे तो उपस्थित रह सकते हैं। निविदा प्रपत्र दिनांक 12.02.2020 के पूर्वाह्न 10:00 बजे से दिनांक 17.02.2020 के सांय 4.00 बजे तक इस कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा की विस्तृत शर्तें वन विभाग की बेवसाईट **www.forest.uk.gov.in** तथा उप वन संरक्षक, कार्यालय में किसी भी कार्यदिवस में देखी जा सकती हैं।

| क्र0 सं0 | कार्य का विवरण | संख्या | अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर की धनराशि (रूपये में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य +GST | कार्य पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| वन मोटर मार्ग/अश्व मार्गो का सुद्धढ़ीकरण योजना (राज्य सैक्टर) :– | | | | | | |
| 1 | कोटीगाड़ रेंज के अन्तर्गत चींवा–मौण्डा–बालचा पैदल/अश्व मार्ग के पुर्ननिर्माण/जीर्णोद्वार कार्य (स्लिप सफाई, दिवारों एवं नाली निर्माण) एवं नालागढ़ खड्ड पर 10 मीटर विस्तार की आर0सी0सी0 पुलिया का निर्माण (प्राक्कलन के अनुसार।) | 01 | 16.10 | 0.483 | 1500+GST | कार्यदेश जारी होने के 1 माह के अन्दर |

(सुबोध कुमार काला)
प्रभागीय वनाधिकारी,
टौन्स वन प्रभाग पुरोला।